पाकिस्तान ने भारत के लिये वायु क्षेत्र खोलने के लिये रखी शर्त

चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारत ने पाकिस्तान से अपना वायु क्षेत्र खोलने के लिये आधिकारिक रूप से आग्रह किया है। इसके एवज में पाकिस्तान ने भारत से अपने अग्रिम एयरबेस से लड़ाकू विमानों को हटाने की शर्त रखी है।

//

मुख्य बिंदु

- पुलवामा आतंकी हमले के पश्चात् भारत ने पाक अधिकृत कश्मीर (POK) में चल रहे आतंकी कैंप पर हवाई हमला किया था। इसमें प्रमुख निशाना आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के बालाकोट कैंप को बनाया गया।
- भारत की एयर स्ट्राइक के पश्चात् पाकिस्तान ने भारत की वायु सेवा कंपनियों के लिये अपने वायु क्षेत्र को बंद कर दिया था। ज्ञात हो कि आरंभ में पाकिस्तान ने अपने वायु क्षेत्र को पूर्णतः यात्री विमानों के लिये बंद कर दिया था।
- इससे पश्चिम एशिया एवं अन्य पश्चिमी देशों के साथ भारत का प्रत्यक्ष मार्ग से वायु संपर्क बाधित हो गया है। इससे न केवल भारतीय कंपनियों को आर्थिक एवं समय की हानि उठानी पड़ रही है बल्कि उत्तर भारत के हवाई अड्डों की सेवाएँ प्रमुख रूप से प्रभावित हुई हैं।
- इस संदर्भ में भारत ने पाकिस्तान से अपना वायु क्षेत्र खोलने का आग्रह किया था। लेकिन पाकिस्तान द्वारा शर्त रखे जाने के पश्चात् भारत अब अन्य रास्तों पर भी विचार कर रहा है। भारत ने अफगानिस्तान तथा चीन के रास्ते कुछ वायु मार्गों का इस्तेमाल शुरू किया है ताकि पश्चिम एशिया के साथ संपर्क को सुधारा जा सके।
- पाकिस्तान द्वारा रखी गई शर्त को भारत ने गैर-वाजिब और अतार्किक बताया है। साथ ही इस मुद्दे के संबंध में भारत अंतर्राष्ट्रीय उड्डयन नियामक एजेंसियों से भी बातचीत कर रहा है।

स्रोत: द हिंदू, इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pakistan-s-air-space-issue